**1. 2001 की जनगणना की तुलना में जनगणना 2011 में राजस्थान से संबंधित निम्न में से गलत बिकल्प चुनिए:**
(1) बाल लिंगानुपात घटा है।
(2) जनसंख्या घनत्व में कोई बदलाव नहीं हुआ है।
(3) जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है ।
(4) लिंगानुपात में वृद्धि हुई है । **[2]**

**2. राजस्थान सरकार के 'बेटी बचाओ बेटी. पढ़ाओ अभियान' की ब्रांड अम्बेसेडर कौन हैं?**
(1) अल्पना तिवारी
(2) अपूर्वी चंदेला
(3) अवनि लखेरा
(4) सुनिधि चौहान **[3]**

**3. निम्नांकित में से किस आयु वर्ग की महिलाएँ उड़ान योजना के अंतर्गत लाभ लेने की पात्र हैं?**
(1) 13 से 50 वर्ष
(2) 12 से 45 वर्ष
(3) 15 से 45 वर्ष
(4) 10 से 45 वर्ष **[2]**

**4. राजस्थान की प्रथम हस्तशिल्प नीति के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(1) इससे आने वाले पाँच वर्षों में 50 हजार से अधिक नए रोजगार के अवसर मिलेंगे ।
(2) यह नीति मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगी ।
(3) विलुप्त होती परम्परागत हस्तकलाओं को पुनर्जीवित करना इसका एक उद्देश्य है।
(4) राजस्थान की पहली हस्तशिल्प नीति 2022 में जारी हुई। **[2]**

**5. 'फिट इण्डिया मूवमेंट' में राजस्थान ने निम्नांकित में से कौन सा स्थान प्राप्त किया है?**
(1) दूसरा (2) तीसरा
(3) चौथा (4) पहला **[4]**

**6. निम्न में से किन्हें राजस्थानी भाषा का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2022 दिया गया?**
(1) कोमल कोठारी (2) आशीष पुरोहित
(3) दूलाराम सहारण (4) महेन्द्र भाणावत **[2]**

**7. हाल ही में निम्न में से कौन सा बोर्ड गठित करने का प्रस्ताव राजस्थान सरकार द्वारा नहीं किया गया है?**
(1) राजस्थान राज्य रजक कल्याण बोर्ड
(2) राजस्थान राज्य महात्मा ज्योतिबा फूले बोर्ड
(3) राजस्थान राज्य सहकारी बोर्ड
(4) राजस्थान चर्म शिल्पकला विकास बोर्ड **[3]**

**8. राजस्थान विधान सभा में डिज़िटल म्यूज़ियम का नाम है:**
(1) पॉलिटिकल नैरेटिव म्यूज़ियम
(2) लेजिस्लेटर्स ऑफ राजस्थान म्यूज़ियम
(3) फ्रीडम फाइटर्स ऑफ राजस्थान म्यूज़ियम
(4) राजस्थान पॉलिटिक्स म्यूज़ियम **[1]**

**9. विश्व की लगभग कितने प्रतिशत जनसंख्या उत्तरी गोलार्द्ध में निवास करती है?**
(1) 70% (2) 80%
(3) 90% (4) 60% **[2]**

**10. निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(1) 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का ध्येय वाक्य है - "शांति के साथ प्रगति"
(2) राष्ट्रीय जम्बूरी आयोजित करने का अवसर राजस्थान को 67 वर्ष बाद मिला है।
(3) राष्ट्रीय जम्बूरी 1956 में राजस्थान द्वारा अजमेर में आयोजित की गई थी ।
(4) 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी राजस्थान के पाली जिले के रोहट में आयोजित की जा रही है। **[3]**

**11. निम्नलिखित में से कौन सी एक भूमण्डलीय पवन / हवा नहीं है?**
(1) पछुआ हवाएँ (2) मानसूनी हवाएँ
(3) ध्रुवीय हवाएँ (4) व्यापारिक हवाएँ **[2]**

**12. कौन से वर्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा टिकाऊ विकास के लक्ष्य (SDGs) अपनाये गये थे?**
(1) 2015 (2) 2016
(3) 2017 (4) 2014 **[1]**

**13. जनसंख्या प्रवसन नियन्त्रण हेतु किस देश ने त्वचा के रंग के आधार पर नीति अपनायी थी?**
(1) दक्षिणी अफ्रीका (2) संयुक्त राज्य अमेरिका
(3) ऑस्ट्रेलिया (4) कनाडा **[1]**

**14. पूर्वांचल हिमालय की निम्नलिखित पहाड़ियों को सही उत्तर-दक्षिण क्रम में व्यवस्थित कीजिए:**
**A. बैरिल** **B. पटकोई**
**C. नागा** **D. मिजो**
कूट :
(1) B, C, A, D (2) A, D, B, C
(3) B, D, C, A (4) A, B, C, D **[1]**

**15. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर चुनिये:**

| सूची – I (द्वीप) | सूची-II (महासागर) |
|---|---|
| A. गेलापेगोस द्वीप | i. हिन्द महासागर |
| B. कनारी द्वीप | ii. प्रशान्त महासागर |
| C. डियागो गारसिया द्वीप | iii. अन्ध महासागर |
| D. न्यू साइबेरियन द्वीप | iv. आर्कटिक महासागर |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i | iv |
| (2) | ii | iii | iv | i |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | ii | i | iii | iv |

**[3]**



16. **पेनगंगा और वेनगंगा सहायक नदियाँ हैं:**
(1) महानदी की (2) गोदावरी की
(3) यमुना की (4) गोमती की **[2]**

17. **'सुन्दरी' एक महत्त्वपूर्ण प्रजाति है-**
(1) उष्णकटिबन्धीय कंटिले वनों की.
(2) मैंग्रोव वनों की
(3) ऊँचे पर्वतीय वनों की
(4) उष्णकटिबन्धीय पतझड़ वनों की **[2]**

18. **निम्नलिखित में से कौन सा पश्चिमी भारत का अपतटीय तेल क्षेत्र नहीं है?**
(1) बसीन (2) अलियाबेट
(3) अंकलेश्वर (4) मुम्बई हाई **[1]**

19. **भारत में खाद्य तेलों के उत्पादन के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है?**
कथन (A) : भारत विश्व में वनस्पति तेलों का नम्बर एक आयातक और दूसरा सर्वाधिक उपभोग करने वाला है।
कथन (B) अगस्त 2021 में भारत में खाद्य तेलों की उपलब्धता को बढ़ाने के लिये खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन - ऑयल पाम का शुभारम्भ किया गया।
(1) कथन (B) सही है। (2) दोनों ही सही हैं।
(3) ना तो (A) ही सही है और ना ही (B) सही है।
(4) कथन (A) सही है। **[*]**

20. **उत्तर-पूर्व मानसून के माध्यम से भारत में से दिसम्बर महीनों के मध्य लगभग 75 अक्टूबर सेमी की उच्चतम मौसमी वर्षा होती है:**
(1) मालाबार तट के सहारे (2) कोरोमण्डल तट के सहारे
(3) उत्तरी सरकार तट के सहारे
(4) कोंकण तट के सहारे **[2]**

21. **निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**
**(A) चंडीगढ़ ने जी एस वी ए में सेवाओं की उच्चतम हिस्सेदारी को अंकित किया, जबकि सिक्किम भारत के सभी केंद्रशासित प्रदेशों में वर्ष 2020-21 के दौरान सबसे कम रहा।**
**(B) भारत के सभी राज्यों में वर्ष 2020-21 के दौरान जी एस वी ए सेवाओं में महाराष्ट्र और कर्नाटक शीर्ष दो योगदानकर्ता हैं**
**सही कथन का चुनाव कीजिए :**
(1) केवल (B) सही है।
(2) दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(3) ना (A) सही है ना (B) सही है।
(4) केवल (A) सही है। **[2]**

22. **निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने 2020-21 ($H_1$) और 2021-22 के दौरान उच्चतम FDI इक्विटी अन्तर्वाह आकर्षित किया?**
(1) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर
(2) टेलीकम्यूनिकेशन्स
(3) सेवा क्षेत्र
(4) ऑटोमोबाइल उद्योग **[1]**

23. **आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारतीय दवा उद्योग के बारे में सही है?**
**(A) भारतीय फार्मास्यूटिकल उद्योग, फार्मास्यूटिकल उत्पादन मात्रा के अनुसार विश्व में तीसरे स्थान पर है।**
**(B) भारत वैश्विक आपूर्ति में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ जेनेरिक दवाओं का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है।**
**सही कथन का चुनाव कीजिए:**
(1) केवल (B) सही है।
(2) दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(3) ना तो (A) और ना ही (B) सही है।
(4) केवल (A) सही है। **[4]**

24. **1935 के अधिनियम द्वारा निम्न में से किस व्यवस्था को समाप्त किया गया?**
(1) प्रांतीय स्वायत्तता
(2) प्रांतों में द्वैध शासन
(3) भारत सचिव का पद
(4) सांप्रदायिक निर्वाचन **[2]**

25. **निम्न में से किस अधिनियम द्वारा प्रांतों में उत्तरदायी शासन की स्थापना का प्रयास किया गया?**
(1) 1892 का अधिनियम
(2) 1862 का अधिनियम
(3) 1919 का अधिनियम
(4) 1909 का अधिनियम **[3]**

26. **निम्नांकित में से कौन सा भारत में संवैधानिक विकास का सही कालक्रम है?**
**(a) केन्द्रीय विधायिका के दो सदन**
**(b) केन्द्रीय विधानसभा के लिए निर्वाचन**
**(c) संविधान सभा की रचना**
**(d) केन्द्र और इकाइयों के मध्य शक्ति का वितरण**
**भारत में संवैधानिक विकास का सही कालक्रम है-**
(1) (b), (c), (d), (a)
(2) (b), (a), (d), (c)
(3) (b), (d), (a), (c)
(4) (a), (b), (c), (d) **[*]**

27. **विभाजन के उपरांत, पुनर्गठित संविधान सभा में डॉ. बी.आर. अंबेडकर किसका प्रतिनिधित्व करते थे?**
(1) मध्य प्रांत एवं बरार
(2) बम्बई.
(3) मद्रास
(4) पश्चिम बंगाल **[2]**

28. **निम्न में से कौन सा देश भारत का 2021-22 में सबसे बड़ा व्यापार का साझेदार रहा है?**
(1) ब्रिटेन
(2) संयुक्त अरब अमीरात
(3) चीन
(4) संयुक्त राज्य अमेरिका **[4]**

29. **भारत के संविधान का अनुच्छेद 15 (1) राज्य को अपने नागरिकों के साथ कुछ निश्चित आधारों पर विभेद का प्रतिषेध करता है। इन आधारों में निम्नांकित में से कौन सा सम्मिलित नहीं है?**
(1) नस्ल (2) भाषा
(3) जन्म स्थान (4) धर्म **[1]**

30. **सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिये और सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये:**

| सूची - I | सूची - II |
|---|---|
| A. प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन | i. अनुच्छेद 51 A viii |
| B. सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा | ii. अनुच्छेद 51 A vii |

| | |
|---|---|
| **C. वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास** | **iii. अनुच्छेद 51 A iv** |
| **D. देश की रक्षा** | **iv. अनुच्छेद 51 A ix** |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | i | iii |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | ii | i | iv | iii |

**[3]**

**31. निम्न में से कौन, प्रारूप समिति के सदस्य नहीं थे?**

(1) एस.एम. सादुल्लाह
(2) के. एम. मुंशी
(3) एच.सी. मुखर्जी
(4) एन. जी. आयंगर **[3]**

**32. किस अनुच्छेद के तहत राज्यपाल द्वारा आरक्षित रखे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति निर्णय लेता है?**

(1) अनुच्छेद 201
(2) अनुच्छेद 203
(3) अनुच्छेद 202
(4) अनुच्छेद 200 **[1]**

**33. निम्नांकित प्रधानमंत्रियों में से किसने किसी मंत्री को उप-प्रधानमंत्री का पद नहीं दिया?**

(1) जवाहर लाल नेहरू
(2) इंदिरा गांधी
(3) चन्द्रशेखर
(4) राजीव गांधी **[4]**

**34. राजनीतिक दलों की स्थापना के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है?**

(1) नेशनल पीपल्स पार्टी : 2013
(2) आल इंडिया तृणमूल काँग्रेस : 1998
(3) बहुजन समाज पार्टी : 1985
(4) राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी : 1999 **[3]**

**35. निम्न में से जो विकल्प अनुच्छेद 39 के अनुसार आर्थिक न्याय से नहीं जुड़ा है, वह है:**

(1) समान नागरिकों को जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्ति का अधिकार ।
(2) धन और उत्पादन साधनों का सर्वसाधारण के हित के लिए केन्द्रण ना हो ।
(3) निजी संपत्ति का विरोध,
(4) समान कार्य के लिए समान वेतन । **[3]**

**36. एशियाई एकजुटता की अभिवृद्धि के लिए स्वतंत्रता के बाद प्रथम एशियाई सम्बन्ध सम्मेलन जवाहरलाल नेहरू ने कब आयोजित किया था?**

(1) 1948 (2) 1949
(3) 1950 (4) 1947 **[4]**

**37. भारत को अभी तक सुरक्षा परिषद् में अस्थायी सदस्य के रूप में कितनी बार चुना गया है?**

(1) 8 (2) 5
(3) 6 (4) 2 **[1]**

**38. वर्ल्ड सोशल फोरम की पहली बैठक कहाँ आयोजित हुई थी?**

(1) ब्राजील (2) अर्जेन्टीना
(3) इंडोनेशिया (4) भारत **[1]**

**39. निम्नलिखित में से कौन सा कथन शिक्षा मनोविज्ञान के महत्त्व के संदर्भ में सही नहीं है?**

(1) यह अध्यापकों की विद्यार्थियों के व्यवहारों में समुचित परिवर्तन लाने में मदद करता है ।
(2) यह विद्यार्थियों की कमजोरियों एवं असफलताओं को नजरअंदाज करने के लिए प्रेरित करता है।
(3) यह शिक्षकों को स्वयं को समझने में मदद करता है।
(4) यह शिक्षकों में शैक्षिक समस्याओं को दूर करने के प्रति उचित मनोवृत्ति उत्पन्न करता है। **[2]**

**40. सूची-A को सूची-B से सुमेलित कीजिये:**

| **सूची - A** | **सूची - B** |
|---|---|
| **A. आल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक** | **i. ओडिशा** |
| **B. बीजू जनता दल** | **ii. पश्चिम बंगाल** |
| **C. इंडियन नेशनल लोक दल** | **iii. बिहार** |
| **D. लोक जनशक्ति पार्टी** | **iv. हरियाणा** |

**नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प चुनिए:**

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | ii | i | iii | iv |

**[2]**

**41. विकास 'केन्द्र से परिधि' की ओर अग्रसर होता है । विकासात्मक दिशा का यह सिद्धांत क्या कहलाता है?**

(1) प्रॉक्सीमॉडिस्टल (निकट से दूर)
(2) वर्तुलाकार
(3) रैखिक
(4) सिफैलो-कॉडल (मस्तकाधोमुखी) **[1]**

**42. निम्नलिखित में से कौन से निर्धारक बालकों के शारीरिक विकास को प्रभावित करते हैं?**

**(a) वंशानुक्रम** **(b) पोषण**
**(c) विद्यालय में खेल** **(d) अन्तःस्रावी ग्रंथियाँ,**
**सही कूट का चयन कीजिए :**
**कूट :**

(1) (c) एवं (d) (2) (a), (b) एवं (d)
(3) (a), (b), (c) एवं (d)
(4) (a) एवं (b), **[3]**



**43. निम्नलिखित में से कौन सी जीन पियाजे द्वारा प्रदत्त संज्ञानात्मक विकास की निर्धारित अवस्था नहीं है?**
(1) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था
(2) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था
(3) अनौपचारिक संक्रियात्मक अवस्था
(4) संवेदी गामक अवस्था **[3]**

**44. निम्नलिखित में से कौन सी कसौटी शिक्षा मनोविज्ञान को विज्ञान के रूप में मानने से सम्बन्धित नहीं है?**
(1) इसमें व्यवहार के अध्ययन हेतु वैज्ञानिक विधि का प्रयोग किया जाता है।
(2) इसके सिद्धान्त सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य हैं ।
(3) इसमें वर्तमान ज्ञान के आधार पर भविष्यवाणी की जा सकती है।
(4) इसके सिद्धान्तों एवं नियमों में परिवर्तन सम्भव नहीं है। **[4]**

**45. निर्मितिवाद के 5 ई उपागम के किस सोपान में शिक्षार्थी सीखी गई अवधारणा को अन्य सम्बन्धित अवधारणाओं के साथ जोड़ते हैं और अपने ज्ञान और समझ का उपयोग वास्तविक संसार में करते हैं?**
(1) खोज
(2) व्याख्या
(3) विस्तार
(4) संलग्न **[3]**

**46. पुनर्बलन संबंध की मजबूती (शक्ति) को बढ़ा देता है जबकि दंड संबंध की शक्ति पर कुछ नहीं करता है । अधिगम का यह नियम जाना जाता है-**
(1) साहचर्य स्थानांतरण का नियम
(2) प्रभाव कायम
(3) संशोधित प्रभाव का नियम
(4) बहु-अनुक्रिया का नियम **[1]**

**47. ऑलपोर्ट के अनुसार वे शीलगुण जो उन कुछ चारित्रिक प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनका उपयोग आमतौर पर किसी व्यक्ति का वर्णन करने के लिए किया जा सकता है, को जाना जाता है-**
(1) गौण शीलगुण (2) सामान्य शीलगुण
(3) आधारभूत शीलगुण (4) केंद्रीय शीलगुण **[4]**

**48. एक अध्यापक विद्यार्थियों को एक प्रकरण पढ़ाना, चाहता है । पढ़ाने से पहले वह विद्यार्थियों को मानसिक रूप से तैयार करने का प्रयास करता है ,वह कौन सा नियम उपयोग में ले रहा है?**
(1) प्रभाव का नियम
(2) तत्परता का नियम
(3) उपयोग एवं अनुपयोग का नियम
(4) अभ्यास का नियम **[2]**

**49. जब कोई व्यक्ति अपने दुःखद अनुभवों को जानबूझकर भूलता है और उन्हें अचेतन मन में दबा देता हैं, तो समायोजन की यह रक्षात्मक युक्ति कहलाती है-**
(1) प्रतिगमनै
(2) प्रक्षेपण
(3) विस्थापन
(4) दमन **[4]**

**50. निम्नलिखित में से कौन सा गिलफोर्ड द्वारा प्रतिपादित बुद्धि के त्रिआयामी सिद्धांत के आयामों एवं उसके तत्त्वों का सही मिलान नहीं है?**

| आयाम | तत्व |
|---|---|
| (a) संक्रिया | मूल्यांकन |
| (b) विषयवस्तु | सज्ञान |
| (c) उत्पाद | स्मृति |

**सही कूट का चयन कीजिए :**
**कूट :**
(1) केवल (b) (2) (b) एवं (c)
(3) केवल (c) (4) (a) एवं (b) **[2]**

**51. रोहन पारम्परिक बुद्धि परीक्षणों में निम्न अंक प्राप्त करता है परन्तु वास्तविक जीवन सम्बन्धित समस्याओं को तीव्रता से पकड़ लेता है और संसार की कार्यप्रणाली के बारे में आसानी से ज्ञान प्राप्त कर लेता है । त्रितंत्रीय (ट्राईआर्किक) सिद्धान्त के अनुसार, इस प्रकार की बुद्धि कहलाती है।**
(1) सामाजिक (2) अंतर्वैयक्तिक
(3) व्यवहारिक (4) विश्लेषणात्मक **[3]**

**52. निम्नलिखित में से कौन सी व्यक्तित्व आकलन की प्रक्षेपी विधियाँ नहीं हैं?**
**(a) शब्द साहचर्य (b) वाक्य पूर्ति**
**(c) समाजमिति (d) व्यक्ति अध्ययन**
**सही कूट का चयन कीजिए :**
**कूट :**
(1) (c) एवं (d) (2) (b) एवं (d)
(3) (a), (b) एवं (d) (4) (a) एवं (c) **[1]**

**53. किसी चीज को अपने से करने, उसे अच्छे से अच्छे ढंग से करने तथा उसमें विशिष्टता दिखाने की स्वीकारात्मक इच्छा को कहा जाता है।**
(1) सत्ता अभिप्रेरणा
(2) आक्रमणशीलता का अभिप्रेरक
(3) उपलब्धि अभिप्रेरणा
(4) संबंधन अभिप्रेरणा **[3]**

**54. अभिप्रेरणा चक्र के किस घटक के परिणामस्वरूप दैहिक अथवा मनोवैज्ञानिक संतुलन स्थिति की पुनः प्राप्ति होती है?**
(1) प्रणोदन (2) प्रेरक
(3) प्रोत्साहन (4) आवश्यकता **[3]**

**55. निम्नलिखित में से कौन सा प्रतिभाशाली बालकों के लिए संवर्धन कार्यक्रम नहीं है?**
(1) विशेषज्ञ अध्यापक उपलब्ध कराना
(2) उन्नत कोर्स प्रदान करना
(3) कॉमन कक्षा कक्ष उपलब्ध कराना
(4) विशिष्ट कक्षाओं का आयोजन **[3]**

**56. सर्जनात्मकता की निम्नलिखित में से कौन सी अवस्था में व्यक्ति थीम (मूल विषय) का अचानक प्रत्यक्षीकरण करता है और समस्या के विभिन्न घटकों में सम्बन्ध देखता है?**
(1) ऊष्मायन (उद्भवन) (2) प्रदीपन
(3) संशोधन अथवा सत्यापन (4) तैयारी **[2]**

**57. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'अभिवृत्ति' के संदर्भ में सही नहीं है?**
**(a) अभिवृत्ति जन्मजात होती है।**
**(b) अभिवृत्ति में संज्ञानात्मक एवं भावात्मक घटक होते हैं, किन्तु क्रियात्मक या व्यवहारात्मक नहीं ।**

**(c) अभिवृत्ति व्यवहार को एक निश्चित दिशा प्रदान करती है।**
**(d) अभिवृत्ति सदैव सकारात्मक होती है।**
**सही कूट का चयन कीजिए:**
**कूट :**
(1) (a), (b) एवं (d) (2) (b) एवं (c)
(3) (a) एवं (d) (4) केवल (c) **[1]**

**58. किसी विद्यार्थी को खाली समय में हमेशा चित्रकारी करते देखकर यदि एक शिक्षक उस विद्यार्थी की चित्रकारी में रुचि का अनुमान लगाता है, तो यह सुपर द्वारा वर्गीकृत किस प्रकार की अभिरुचि होगी?**
(1) प्रकट (2) आविष्कारिक
(3) मापित (4) व्यक्त **[1]**

**59. आप मन्द गति अधिगमकर्त्ताओं की कक्षा को शिक्षण करवा रहे हैं। निम्नलिखित शिक्षण तकनीकों में से आप किन तकनीकों को अपनाएँगे?**
**(i) सरल शब्दों में निर्देश देंगे**
**(ii) श्रव्य दृश्य सामग्री का उपयोग**
**(iii) मौखिक रूप से अमूर्त विचारों की प्रस्तुति**
**(iv) उनके दैनिक जीवन से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा.**
**सही कूट को चुनिए :**
**कूट:**
(1) (i), (ii), (iv) (2) (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (ii), (iii) (4) (i), (ii), (iii), (iv) **[1]**

**60. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्यतः 1 जुलाई से पूर्व आ जाता है?**
(1) बीकानेर
(2) पाली
(3) हनुमानगढ़
(4) गंगानगर **[2]**

**61. एक नदी के बारे में निम्नलिखित तथ्यों को पढ़िए:**
**(A) यह कोटडा (उदयपुर) से उद्गमित होती है।**
**(B) हथमती, मेश्वा तथा वेतरक इसकी सहायक नदियाँ हैं।**
**(C) यह नदी राजस्थान में लगभग केवल 45 किमी प्रवाहित होती है।**
**उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर नदी को पहचानिए :**
(1) पश्चिमी बनास (2) साबरमती
(3) जाखम (4) माही **[2]**

**62. किन जिलों में मिश्रित पतझड़ वन पाये जाते हैं?**
(1) प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, नागौर
(2) अजमेर, पाली, सिरोही, चूरू
(3) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, जालौर
(4) उदयपुर, कोटा, बूँदी, चित्तौड़गढ़ **[4]**

**63. बरखान पश्चिमी राजस्थान के कौन से क्षेत्रों में पाये जाते हैं?**
**A. ओसियाँ - जोधपुर**
**B. भालेरी - चूरू**
**C. देशनोक - बीकानेर**
**D. दांतारामगढ़ - सीकर**
(1) A, C एवं D (2) A, B एवं C
(3) B, C एवं D (4) A, B एवं D **[2]**

**64. 19वीं पशुधन गणना (2012) से 20वीं पशुधन गणना (2019) में राजस्थान में पशुधन की कुल संख्या में परिवर्तन है -**
(1) 1.66% की कमी
(2) 4.2% की वृद्धि
(3) 2.66% की कमी
(4) 1.66% की वृद्धि **[1]**

**65. 2011 की जनगणना के अनुसार किस जिले में सर्वाधिक ग्रामीण लिंगानुपात है?**
(1) जालौर
(2) पाली
(3) राजसमन्द
(4) झुन्झुनूं **[2]**

**66. 2001-2011 के दशक के दौरान राजस्थान में न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर वाले जिलों का सही युग्म है:**
(1) पाली, गंगानगर
(2) गंगानगर, झुन्झुनूं
(3) गंगानगर, बूँदी
(4) झुन्झुनूं, पाली **[2]**

**67. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I (फसल) | सूची-II (प्रमुख उत्पादक) |
|---|---|
| A. गेहूँ | i. अलवर |
| B. बाजरा | ii. भीलवाड़ा |
| C. चावल | iii. गंगानगर |
| D. मक्का | iv. बूँदी |

A B C D
(1) iii, i, iv, ii
(2) I, iii, iv, ii
(3) iii, iv,i, ii
(4) iii, i, ii, iv **[1]**

**68. निम्नलिखित में से कौन सी सीमेण्ट फैक्ट्री चित्तौड़गढ़ जिले में अवस्थित नहीं है?**
(1) जे. के. सीमेण्ट लि. (2) आदित्य सीमेण्ट वर्क्स
(3) हिन्दुस्तान सीमेण्ट लि.
(4) बिड़ला सीमेण्ट वर्क्स लि. **[3]**

**69. आहड़ को किस संस्कृति का प्रमुख केन्द्र माना जाता है?**
(1) चाँदी के मृद्भाण्ड
(2) लाल-काले मृद्भाण्ड
(3) काले मृद्भाण्ड
(4) ताँबे के मृद्भाण्ड **[2]**

**70. निम्नलिखित में से किस प्राचीन सभ्यता में सम्राट अशोक के दो शिलालेख पाये जाते हैं?**
(1) कालीबंगा (2) बैराठ
(3) बनास (4) गणेश्वर **[2]**



**71. मण्डोर प्रतिहार वंश के किस शासक से वंशावली प्रारम्भ होती है?**
(1) हरिशचन्द्र (2) भोगभट्ट
(3) कंदक (4) रज्जिल **[4]**

**72. निम्नलिखित चौहान शासकों में से किस शासक को बीसलदेव के नाम से भी जाना जाता है?**
(1) वासुदेव (2) वाक्पतिराज I
(3) विग्रहराज IV (4) विग्रहराज III **[3]**

**73. जालौर के चौहान वंश की शाखा का संस्थापक कौन था?**
(1) कीर्तिपाल (2) अजयसी
(3) कुमारासिन्हा (4) अल्हन **[1]**

**74. कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| पर्यटन केन्द्र | स्थिति |
|---|---|
| (1) कपिल सरोवर - | कोलायत |
| (2) दौलत बाग - | अजमेर |
| (3) लालगढ़ किला - | जैसलमेर |
| (4) गागरोन किला - | झालावाड़ |

**[3]**

**75. प्राचीन शिलालेखों में जालौर को किस नाम से जाना जाता था?**
(1) जलालाबाद (2) जाबिलपुर
(3) खिजराबाद (4) जयगढ़ **[2]**

**76. 1857 ई. के विप्लव के समय नीमच में अंग्रेज सैनिक अधिकारी कौन था?**
(1) कर्नल एबाट (2) मेजर बर्टन
(3) ब्रिगेडियर होम्स
(4) जॉर्ज पैट्रिक लारेंस **[1]**

**77. खातौली के युद्ध में महाराणा सांगा ने किस सुल्तान को पराजित किया?**
(1) इब्राहीम लोदी (2) महमूद खिलजी
(3) बहलोल लोदी (4) बाबर **[1]**

**78. राजस्थान मध्य भारत सभा' का दूसरा अधिवेशन 1919 ई. में कहाँ सम्पन्न हुआ?**
(1) कराची (2) उज्जैन
(3) अमृतसर (4) नागपुर **[3]**

**79. 1939 ई. में किशनगढ़ राज्य में प्रजामण्डल की स्थापना किसके प्रयत्नों से हुई?**
(1) ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु
(2) बलवन्त सिंह मेहता
(3) कान्तिचन्द्र चौथाणी
(4) विजय सिंह पथिक **[3]**

**80. अमीर खुसरो की किस रचना में चित्तौड़ पर अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण का वर्णन आता है?**
(1) खजाइन-उल-फुतूह
(2) इजाज-ए-खुसरवी
(3) किरान उस सादीन
(4) तारीख-ए-अलाई **[1]**

**81. 'कूदण' की घटना किस किसान आंदोलन से सम्बन्धित है?**
(1) बूँदी (2) बेगूं
(3) सीकर (4) बीकानेर **[3]**

**82. 'नागणेची माता का मन्दिर' स्थित है।**
(1) बाड़मेर (2) जालौर
(3) जोधपुर (4) जयपुर **[1]**

**83. चिल्ह का टोला किस दुर्ग का पूर्ववर्ती नाम है?**
(1) चित्तौड़गढ़ (2) गागरोन दुर्ग
(3) रणथम्भोर दुर्ग (4) जयगढ़ दुर्ग **[4]**

**84. निम्नलिखित में से वह कौन सा चित्रकार है जिसका बीकानेर चित्रशैली से सम्बन्ध नहीं है?**
(1) हमीद (2) अहमद
(3) साहिबराम (4) अलीराजा **[3]**

**85. निम्नलिखित आभूषणों की सूची में से कान में पहने जाने वाले आभूषण को चिन्हित कीजिए:**
(1) मटरमाला (2) तकया
(3) मूंदडी (4) सुरलिया **[4]**

**86. 'शंकरिया नृत्य' सम्बन्धित है।**
(1) गरासियों से (2) कालबेलियों से
(3) गुर्जरों से (4) भीलों से **[2]**

**87. 'नेमिनाथ बारहमासा' के रचयिता हैं**
(1) पल्हण (2) राजशेखर सूरि
(3) जिनदत्त सूरि (4) सुमतिगणि **[1]**

**88. मत्स्य संघ के मंत्रिमण्डल में निम्न में से कौन सम्मिलित नहीं था?**
(1) चिरंजी लाल शर्मा (2) भोलानाथ
(3) प्रेम नारायण माथुर
(4) युगल किशोर चतुर्वेदी **[3]**

**89. राजस्थान का राज्यपाल किसे पद की शपथ नहीं दिलाता है?**
(1) राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष को
(2) राजस्थान विधानसभा के सदस्य को
(3) राज्य के मंत्री को
(4) राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को **[1]**

**90. अनुच्छेद 213 के तहत राज्यपाल को निम्न में से कौन सी शक्ति प्राप्त है?**
(1) क्षमादान की शक्ति
(2) निषेधाधिकार की शक्ति
(3) मंत्रिपरिषद के निर्माण की शक्ति
(4) अध्यादेश जारी करने की शक्ति **[4]**

**91. वर्तमान मुख्य सचिव ऊषा शर्मा से पूर्व कितनी महिलाएँ राजस्थान की मुख्य सचिव रही हैं?**
(1) दो
(2) तीन
(3) दस
(4) एक **[4]**

**92. राजस्थान लोक सेवा आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है:**
(1) राजस्थान के राज्यपाल को
(2) राजस्थान की राज्य विधानसभा को
(3) संघ लोक सेवा आयोग को
(4) भारत के राष्ट्रपति को **[1]**

**93. चारण चरजाएं से क्या अभिप्राय है?**
(1) चारण लोकगीत
(2) चारण आख्यिकाएँ
(3) चारण उत्सव
(4) करणी माता की स्तुतियाँ **[4]**

**94. राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(1) मानवाधिकार आयोग उच्च शक्ति प्राप्त एक स्वायत्तशासी निगरानी निकाय है जो अपनी सत्ता मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 से प्राप्त करता है।
(2) केवल किसी उच्च न्यायालय का पूर्व मुख्य न्यायाधीश ही राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।
(3) आयोग की अपनी एक निरीक्षण एजेन्सी है। जिसकी अध्यक्षता एक पुलिस अधिकारी द्वारा की जाती है जो कि पुलिस अधीक्षक से नीचे के रैंक का नहीं होना चाहिए।
(4) किसी लोक सेवक द्वारा मानवाधिकार का उल्लंघन करने पर आयोग उसके जाँच की शक्ति रखता है। **[2]**

**95. राजस्थान लोक सेवा आयोग के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही है?**
(1) राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों में से यथाशक्य निकटतम एक-तिहाई ऐसे व्यक्ति होंगे जो अपनी-अपनी नियुक्ति की तारीख पर भारत सरकार अथवा राजस्थान सरकार के अधीन कम से कम दस वर्ष तक पद धारण कर चुके हैं।
(2) राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य छह वर्ष की अवधि तक या बासठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, अपना पद धारण करेगा।
(3) राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य आयोग के अध्यक्ष को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकता है।
(4) अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **[2]**

**96. राजस्थान विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति का अध्यक्ष कौन होगा?**
(1) राजस्थान विधानसभा का नेता
(2) राजस्थान विधानसभा में विपक्ष का नेता
(3) सदन का कोई सदस्य जिसे स्पीकर नियुक्त करें
(4) राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष **[4]**

**97. पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा का स्पीकर कौन था?**
(1) भंवर लाल शर्मा
(2) कैलाश त्रिवेदी
(3) महेश जोशी
(4) गुलाब चन्द कटारिया **[4]**

**98. राजस्थान विधानसभा में अंतिम बार किस वर्ष अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया?**
(1) 2009
(2) 1985
(3) 2018
(4) 1993 **[2]**

**99. राजस्थान के डेल्फिक खेलों के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए:**
**I. 18 से 35 वर्ष की आयु के राजस्थान- निवासी इसमें भाग ले सकते हैं।**
**II. यह 9 से 12 फरवरी, 2023 को उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है।**
(1) केवल II सही है।
(2) I व II दोनों सही हैं।
(3) न तो I, न II सही है।
(4) केवल I सही है। **[4]**

**100. निम्नांकित में से भारत के संविधान का कौन सा प्रावधान पंचायती राज से संबंधित नहीं है।**
(1) अनुच्छेद 40
(2) अनुच्छेद 41
(3) ग्यारहवीं अनुसूची
(4) अनुच्छेद 243 **[2]**

